मलिन बस्तियों में हुई विशेष सफाई व सेनेटाइजेशन

शाहजहांपुर (एसएनबी)। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त अगंद गुप्ता ने आज ककरा काकर कुडं स्थित जैव विविधता पार्क का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सहायक नगर आयुक्त ने नगर में ककरा ककरा कुडं स्थित 10 हेक्टेयर में फैले शहीदों की स्मृति में बने जैव विविधता पार्क में लगे पेड़-पौधों को भीषण गर्मी से बचाव हेतु नियमित रुप से पेड़-पौधों को लगातार पानी देने व उनके रख-रखाव हेतु संबन्धित को विशेष दिशा-निर्देश दिये गये। इस मौके पर अवर अभियंता जल उमेश कुमार एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मंदिर को सेनेटाइज करते नगर निगम कर्मचारी

नगरीय क्षेत्र सीमान्तर्गत कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा चरणबद्ध तरीके से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियो में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया है। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती ने नगर क्षेत्र में बिजलीपुरा, हयातपुरा, हयात मैरिज लॉन एवं हुसैनपुरा में अपनी उपस्थिति में सेनेटाइजेशन के कार्य को व्यापक स्तर पर कराया गया। इसी क्रम में नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर में सेनेटाइजेशन अभियान संचालित किया गया। जोन-1 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार ने रेलवे स्टेशन, रोडवेज, निसरजई, दिलाजाक, गदियाना, श्यामतगंज गौटिया, सुभाष नगर, एमनजई जलालनगर, ऑफीसर्स कालोनी, सदर बाजार में व्यापक स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन-2 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित ने कटिया टोला, बहादुरगंज, झण्डा कलां, खिरनीबाग, इस्लामिया इण्टर कालेज, आर्य महिला डिग्री कालेज एवं घनी बस्तियों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया।